पुलिस सत्यापन के बिना किराए पर घर नहीं मिलेगा

फैसला

नोएडा, कार्यालय संवाददाता। सोसाइटी में बेहतर माहौल देने के लिए सेक्टर-52 अरावली अपार्टमेंट में अब बिना पुलिस वेरिफिकेशन किराए पर मकान नहीं दिया जाएगा। टिक टॉक स्टार सोनाली फोगाट की मौत के बाद नोएडा में उनके घर पर पहुंची गोवा पुलिस की घटना से सीख लेते हुए आरडब्ल्यूए ने यह कदम उठाया है।

सोसाइटी के एएओ ओपी यादव ने बताया कि सोनाली फोगाट के मकान में किराये पर परिवार रहता था, पुलिस ने उनसे उनका वेरिफिकेशन मांगा, जोकि उनके पास नहीं था। अब सोसायटी में जो भी किराए के मकान में रहने के लिए आएगा, उसे पुलिस वेरिफिकेशन के बाद ही रहने दिया जाएगा।

वेरिफिकेशन की एक-एक कॉपी ब्रोकर, पुलिस और आरडब्ल्यूए के पास रहेगी। ताकि कोई बात होती है तो आरडब्ल्यूए पुलिस की मदद कर सके और खुद की भी सुरक्षा कर सके। वह ब्रोकर का भी डाटा अपडेट कर रहे हैं, ताकि उनके बारे में भी कोई जानकारी राखी जा सके।

20-9-22
हिन्दुस्तान